R.N.I.No. 22705 / 72

सरसवाणी

वर्ष: 53 अंक : 08 अगस्त 2023 विक्रम संवत् 2080 श्रावण लागत मूल्य : ₹ 6

माहेश्वरी प्रगति मण्डल-मुम्बई
वार्षिक साधारण सभा की सूचना

माहेश्वरी प्रगति मण्डल-मुम्बई के सभी सदस्यगण,

माहेश्वरी प्रगति मण्डल की 65 वीं वार्षिक साधारण सभा शनिवार, दि. 30 सितम्बर 2023 को सायं 6 बजे माहेश्वरी भवन, 603, जगन्नाथ शंकरशेठ रोड, गिरगांव, मुम्बई -400002 में होगी जिसमें निम्नलिखित विषयों पर विचार होगा :-

1. कार्यकालिक वृतान्त की स्वीकृति प्रदान करने के सम्बन्ध में।
2. 31 मार्च 2023 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के लेखा परीक्षक द्वारा ऑडिट किये गये हिसाब एवम् ऑडिट रिपोर्ट पर चर्चा, स्वीकृति एवम् उनको पारित करने के सम्बन्ध में।
3. 31 मार्च 2024 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के लिए लेखा परीक्षक (ऑडिटर्स) की नियुक्ति एवम् उनका पारिश्रमिक निर्धारित करना।
4. अन्य विषय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से।

व्यवस्थापिका सभा के आदेशानुसार

Narayan Malpani

मुम्बई

दिनांक 04 अगस्त 2023

नारायण मालपानी - मंत्री

नोट : 1. मण्डल का कार्यकालिक वृत्तान्त, ऑडिटेड हिसाब, बेलन्सशीट आदि का प्रारूप इसी 'सरसवाणी' में, मण्डल की Website : www.mumbaimaheshwari.com पर एवम् अगस्त 2023 ई सरसवाणी पर भी उपलब्ध है।

2. कार्य सूची में निर्देशित विषयों पर आपकी जिज्ञासा, यदि कोई हो तो, लिखित रूप में मंत्री के नाम मण्डल कार्यालय, गिरगांव अथवा Email Id : info@mpmmumbai.in पर दिनांक 20 सितम्बर 2023 तक भिजवायें, जिससे उनके समुचित उत्तर देने में सुविधा होगी।

कार्यक्रम विवरण	आयोजक	दिनांक	पृष्ठ क्र.
01. तीज सिंझारा एवं मेहन्दी	घाटकोपर महिला समिति	31 अगस्त	33
02. जन्माष्टमी उत्सव	केन्द्रीय महिला समिति	5 सितम्बर	40
03. जन्माष्टमी एवं नन्दोत्सव	मुलुण्ड क्षेत्रीय समितियाँ	6 सितम्बर	06
04. श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव	घाटकोपर क्षेत्रीय समितियाँ	7 सितम्बर	05
05. Gamelympics	मध्य मुम्बई युवा समिति	9 सितम्बर	06
06. Monsoon Trekking - Visapur Fort	घाटकोपर युवा समिति	9 सितम्बर	05
07. One Day Monsoon Picnic	बोरीवली क्षेत्रीय समितियाँ	10 सितम्बर	40
08. बछबारस उद्यापन	घाटकोपर महिला समिति	11 सितम्बर	33
09. नन्दोत्सव	बोरीवली महिला समिति	12 सितम्बर	06
10. A Seminar on Cyber Security	घाटकोपर महिला एवं युवा समिति	17 सितम्बर	05
11. भजन संध्या एवं सिद्धिविनायक मंदिर पदयात्रा	दक्षिण मुम्बई क्षेत्रीय समिति	18 सितम्बर	06
12. Maheshwari Gen-X	प्रशिक्षण एवं पर्यावरण समिति तथा सभी युवा समितियाँ	7 एवं 8 अक्टूबर	4-5
13. The Confident You	अंधेरी क्षेत्रीय समितियाँ	3 से 5 नवम्बर	07
14. स्वर्णिम सफर	गोरेगांव क्षेत्रीय समितियाँ	26 नवम्बर	07

विवाह सहयोग समिति एवं केन्द्रीय युवा समिति द्वारा आयोजित
स्नातक एवं उच्च शिक्षित विवाह योग्य युवक-युवतियों के लिए
नयी संकल्पना, नया स्वरूप एवं नये परिवेश में

सोमवार
दि. 2 अक्टूबर 2023
प्रात: 9 से
सायं 6 बजे तक

An event for selection of Life Partner

Let us Meet & Move Ahead

स्थल
Club Emerald,
Chembur
(Near Mangal
Hospital)

For Registration
Scan QR Code

Together Forever

- जिनका जन्म 1987 तथा उसके पश्चात् हुआ है ऐसे अविवाहित युवक-युवती आयोजन में भाग ले सकते है।
- Registration एवं अधिक जानकारी के लिये कृपया सम्पर्क करें।

घाटकोपर	आशीष मून्दड़ा	98201 86690	मालाड	गौतम मानधनिया	98194 21252
घाटकोपर	उर्मिला सिंगी	99209 20173	मालाड	मनोज लड्ढा	93235 41634
बोरीवली	विनोद मालू	98211 19785	गोरेगांव	हरिशंकर कांकानी	98210 73387
बोरीवली	गिरधर सारडा	93226 77943	दक्षिण मुम्बई	कृष्णा झंवर	99202 19100
अंधेरी	विमला समदानी	93245 60725	मध्य मुम्बई	मंजु डागा	93210 25179

निवेदक

विवाह सहयोग समिति
शानु काबरा - अध्यक्षा - 99676 30337
कल्पना लोहिया - संयोजिका - 93230 08960

केन्द्रीय युवा समिति
सुमित दरक - अध्यक्ष - 97685 42376
गौरव चेचानी - संयोजक - 90222 40892

ज्योति राठी - कार्यक्रम संयोजिका - 87793 80780

प्रिय स्वजनों,
जय श्री कृष्ण।

स्मृतिशेष श्री श्रीरामजी तापड़िया के सामाजिक विचारों को स्मरण करने एवम् उन्हें आत्मसात करने के लिये प्रतिवर्ष उनकी स्मृति में विचार गोष्ठी का आयोजन करते हैं। गत् 16 जुलाई 2023 को अष्टम पुष्प के अन्तर्गत जीवन का विस्तार, जीवन के अनुपम रंग-परिवार, समाज व राष्ट्र के संग इस विषय पर आचार्य श्री वागीशजी शर्मा का उद्‌बोधन बहुत ही सारगर्भित एवम् अनुकरणीय रहा। आपने उदाहरणों के साथ अति सामान्य से उच्चतम श्रेणी के व्यक्ति को अपना कार्य करते वक्त दूसरे की भलाई व हित का ध्यान रखने से अपने जीवन को meaningful बनाने का मूलमंत्र दिया। मानों सफल जीवन की कुँजी सभी को पकड़ा दी। इसका उपयोग कैसे करना यह हम पर निर्भर है।

बन्धुओं, 15 अगस्त को भारत की स्वतन्त्रता का 77 वां वर्ष हमने मनाया। देश के जिन बहादुरों ने, भारत की आजादी के लिये अपने प्राण न्योछावर किये और हमें अंग्रेजों की गुलामी से आजाद किया, उनका हम पर एक ऋण है और वह है आज के भारत को सुरक्षित रखना एवम् दुनिया में भारत का नाम ऊँचा करने के लिये प्रयत्नशील रहना। इसके लिये हमें कोई जंग नहीं लड़नी है। दैनिक जीवन में जिन व्यक्तियों के साथ काम पड़ता है उनके साथ अच्छा व्यवहार व उनके हित में अपना हित है यह भावना रखकर कार्य करना होगा, फिर चाहे वह सामान्य सफाई कर्मचारी हो या उच्चपदस्थ अफसर, चाहे नोकर हो या मालिक। हमारी प्रार्थना, 'सर्वे भवन्तु सुखिन: सर्वे सन्तु निरामय: सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चित् दु:खभाग भवेत्' को स्मरण करते हुए कार्य करने से ही हम अपना व अपने सहकर्मियों का और इस तरह भारत के विकास में अपना छोटासा योगदान दे पायेंगे और यही हमारे देश के लिये जीवन समर्पण करने वाले देशभक्तों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

बन्धुओं, श्रीगणेशजी प्रथमेश है याने पहले पूजे जाते हैं, उनको विघ्नहर्ता व बुद्धि के देवता भी कहते है। आगामी 19 सितम्बर को गणेश चतुर्थी है और हम सभी मुम्बई वासी गणेशजी का यह त्यौहार बड़ी धूमधाम से मनाते है। केवल मुम्बई व महाराष्ट्र में नहीं अपितु सम्पूर्ण भारत में तथा विदेशों में भी मनाते हैं। ऐसे महान देव जो हमारे इष्ट, भगवान महेश के पुत्र है उनके स्वरूप का आध्यात्मिक भावार्थ समझते हैं जिससे हम जीवन प्रबन्धन के सफल सूत्र हासिल कर सकते है।

- भगवान गणेश, गजमुख है जिनके हाथी जैसे कान है, अर्थात बातें सबकी सुनों, लेकिन उनका सार ही ग्रहण करो, ठीक उसी तरह जिस तरह सूप छिलके बाहर फेंककर सिर्फ अन्न को ही अपने पास रखता है।
- गणेशजी की छोटी आँखे मानव को जीवन में सूक्ष्म दृष्टी रखने की प्रेरणा देती है।
- उनकी बड़ी सूंड दूर तक सूंघने में समर्थ है, जो उनकी दूरदर्शिता को बताती है जिसका यह भी अर्थ है कि उनको हर बात का ज्ञान है।
- श्री गणेश के दो दांत है एक पूर्ण दूसरा अपूर्ण। पूर्ण दांत श्रद्धा का प्रतीक है तथा टूटा दांत बुद्धि का। वह मनुष्य को यह प्रेरणा देते है कि जीवन में बुद्धि कम होगी तो चलेगा, लेकिन ईश्वर के प्रति पूरा विश्वास रखना चाहिए।
- गणेशजी का पेट अर्थात उदर बड़ा है इनको लम्बोदर भी कहते हैं। अच्छी बुरी सभी बातों को अपने विशाल पेट में समा लेने की क्षमता गणेशजी में है।
- आपके छोटे पैर है जो हमें उतावला नहीं होने का सिखाते है। सभी कार्य धैर्य से करने चाहिए।
- गणेशजी के दायें बायें रिद्धि-सिद्धि विराजमान है जो सुख शान्ति का प्रतीक है अर्थात गणेशजी के पूजन से सुख शान्ति प्राप्त होती है।
- श्री गणेशजी का वाहन मूषक है जो दुष्ट प्रवृत्तियों का प्रतीक है। गणेशजी जो मूषक पर सवार है वे इन दुष्ट प्रवृत्तियों को नष्ट करने की क्षमता रखते है।

हम सभी श्री गणेशजी के आध्यात्मिक स्वरूपों की पूजा करके उनके गुणों का अनुसरण करते हैं। मेरा विश्वास है, हमारा जीवन सुख, शान्ति व समृद्धि से अवश्य ही परिपूर्ण होगा।

जय महेश
मंगल मूर्ति मोरया, गणपति बाप्पा मोरया

विनम्र
प्रमोदकुमार देवपुरा (अध्यक्ष)

मुम्बई
दिनांक : 15 अगस्त 2023

प्रशिक्षण एवं पर्यावरण सन्तुलन समिति
केन्द्रीय युवा समिति तथा
सभी क्षेत्रीय युवा समितियों द्वारा आयोजित

Explore and share insights at
MAHESHWARI GEN X : A NEW ERA

Connect with
diverse audience
expand horizons
showcase offerings.

Join us for networking and growth.

Date : 7 - 8 October 2023

Venue Maheshwari Bhavan, Andheri

Scan For Registration

For more information and registration please contact

गुरुवार
दि.7 सितम्बर 2023
रात्रि 9 बजे से

घाटकोपर क्षेत्रीय समितियों द्वारा आयोजित
श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव

समाज के कलाकारों द्वारा सुमधुर भजन एवं मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति

नोट: कृपया अपने बच्चों को राधा-कृष्ण के रुप में सजाकर सपरिवार अवश्य पधारें।

निवेदक	अध्यक्ष / अध्यक्षा		संयोजक / संयोजिका	
घाटकोपर क्षेत्रीय समिति	स्वप्नेषु बसेर	- 98211 83231	नवनीत लोया	- 98210 65471
घाटकोपर महिला समिति	राजेश्वरी मोहता	- 99697 29115	मंजु गग्गड	- 98334 81415
घाटकोपर युवा समिति	पार्थ नावन्दर	- 98198 73691	विनीतकुमार बियानी	- 98335 13191

घाटकोपर क्षेत्रीय युवा समिति द्वारा आयोजित
Monsoon Trekking -Visapur Fort

शनिवार दि. 9 सितम्बर 2023 इच्छुक युवा साथी कृपया प्रस्थान प्रात: 5 बजे

3 सितम्बर तक अपना रजिस्ट्रेशन अवश्य करें

(Registration Mandatory)

विनीत कुमार बियानी - संयोजक - 98335 13191 • अनिरुद्ध राठी - कार्यक्रम संयोजक - 94612 22269

घाटकोपर क्षेत्रीय महिला एवं युवा समितियों द्वारा आयोजित
A Seminar on Cyber Security

रविवार
दि. 17 सितम्बर 2023
अपराह्न 4.00 बजे

Stay Safe in the Digital World

By

श्रीमती अनुप्रिताजी डागा
President & Chief Information Security Officer - Yes Bank

श्री कुन्दनजी झंवर
(Cyber Security Expert & Professional)

समाजबन्धु सादर आमंत्रित हैं। • कार्यक्रम के पश्चात् भोजन की व्यवस्था है।

निवेदक	अध्यक्ष / अध्यक्षा		संयोजक / संयोजिका	
घाटकोपर महिला समिति	राजेश्वरी मोहता	- 99697 29115	मंजु गग्गड	- 98334 81415
घाटकोपर युवा समिति	पार्थ नावन्दर	- 98198 73691	विनीतकुमार बियानी	- 98335 13191

Explore and share insights at
MAHESHWARI GEN X : A NEW ERA

Zone	Adhyaksh		Sanyojak	
Ghatkopar	Parth Navandar	- 98198 73691	Vineet Biyani	- 98335 13191
Goregaon	Aditya Kasat	- 88980 27988	Nandkishore Darak	- 77100 41324
Borivali	Krishnakumar Rander	- 99209 01422	Neha Chichani	- 98192 95949
Andheri	Gauri Daga	- 93237 13534	Vyom Binani	- 90224 71505
Mulund	Rakesh Bhattad	- 93210 30784	Vinay Somani	- 99306 40648
South Mumbai	Nidhi Somani	- 75062 51009	Padmini Malpani	- 90040 39085
Madhya Mumbai	Prashant Lahoti	- 99671 18008	Prachi Jaju	- 94227 03488
Malad	Rahul Heda	- 99688 55475	Deepika Tawari	- 99201 45200

Prashikshan & Paryawaran Samiti			Kendriya Yuva Samiti		
Seema Mantry	- 97699 41103	Shobha Malpani	- 9324689018	Ravi Bhattad	- 98331 84392
Sunita Sarda	- 93247 48773	Dr. Vijay Kabre	- 81693 59099	Sumeet Darak	- 93268 67205
Sandeep Parwal	- 98203 15045	Ashish Kabra	- 73031 37372	Gaurav Chechani	- 90222 40892

मुलुण्ड क्षेत्रीय समितियों द्वारा आयोजित

जन्माष्टमी एवं नन्दोत्सव

समाज के कलाकारों द्वारा सुमधुर भजन की प्रस्तुति

बुधवार
दि. 6 सितम्बर 2023
रात्रि 9 बजे से

स्थल : श्री मिश्रीलालजी झंवर का निवास स्थान,
तारा सोसायटी, 7 वां माला, तांबे नगर, मुलुण्ड (प.)

समाजबन्धु सपरिवार सादर आमंत्रित हैं ।



निवेदक	अध्यक्ष/ अध्यक्षा		संयोजक/संयोजिका	
मुलुण्ड क्षेत्रीय समिति	नन्दकिशोर राठी	- 98201 47387	पंकज परवाल	- 98204 90069
मुलुण्ड महिला समिति	पूनम राठी	- 97028 88551	वैशाली नावंदर	- 99676 48015
मुलुण्ड युवा समिति	राकेश भट्टड	- 93210 30784	विनय सोमानी	- 99306 40648

मध्य मुम्बई क्षेत्रीय युवा समिति द्वारा आयोजित

Gamelympics

The Olympics of Board Games

Date
9 September, 2023
Time : 8 PM

AGE: 15 to 50 years
Compulsory Registration!!!

Venue
Maheshwari Bhavan,
JSS Road, Girgaum,
Mumbai - 400002

अधिक जानकारी हेतु कृपया सम्पर्क करें।
प्रशान्त लाहोटी - अध्यक्ष - 99671 18008 ● प्राची जाजु – संयोजिका - 94227 03488
केशव मरदा - कार्यक्रम संयोजक - 99200 36011

बोरीवली क्षेत्रीय महिला समिति द्वारा आयोजित

नन्दोत्सव

मंगलवार दि. 12 सितम्बर 2023 ● दोपहर 3 से 5 बजे तक

स्थल : माँ मांगल्य भवन, माहेश्वरी प्लॉट के समीप, बोरीवली (प.)

विशेष आकर्षण : नृत्य नाटिका एवं भजन प्रस्तुति

अधिक जानकारी हेतु कृपया सम्पर्क करें।

सरोज लड्ढा - अध्यक्षा - 98196 23888 ● संगीता माहेश्वरी - संयोजिका - 98207 13770

दक्षिण मुम्बई क्षेत्रीय समिति द्वारा आयोजित

भजन संध्या एवं सिद्धिविनायक मंदिर पदयात्रा

सोमवार दि. 18 सितम्बर 2023 ● **स्थल :** माहेश्वरी भवन, गिरगांव

पदयात्रा प्रारम्भ रात्रि 10 बजे

भजन संध्या सायं 7 बजे से

समाजबन्धु सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।
(अपने नाम रजिस्टर करना अनिवार्य है)

किशन सोमानी - कार्यक्रम संयोजक - 93245 81811

निवेदक

हर्षद केला - अध्यक्ष - 98198 32445 ● रामअवतार चाण्डक - संयोजक - 93234 50502

गोरेगांव क्षेत्रीय समितियों द्वारा आयोजित

स्वर्णिम सफर

50 Years Celebration

Musical Evening

◆ Exhibition Stalls - Women Empowerment ◆ Get Together
◆ Felicitation of Former Presidents & Secretaries ◆ Meritorious Students Award Ceremony

NOV
SUNDAY **26** 2023
4PM onwards

स्थल

ब्रह्मा महेश ग्राउन्ड, बांगुर नगर, माइंडस्पेस की तरफ से प्रवेश, गोरेगांव (प.)

निवेदक	अध्यक्ष/अध्यक्षा		संयोजक / संयोजिका	
गोरेगांव क्षेत्रीय समिति	गोपालकृष्ण मालपानी	: 92232 61506	विनय बियानी	: 93244 21240
गोरेगांव महिला समिति	सुनिता भट्टड	: 98199 95116	संगीता तोतला	: 99695 45441
गोरेगांव युवा समिति	आदित्य कासट	: 88980 27988	नन्दकिशोर दरक	: 77100 41324

कार्यक्रम संयोजक - राधेश्याम डालिया : 93224 05773

अंधेरी क्षेत्रीय समितियों द्वारा आयोजित

The Confident You

Cognitive Development Programme for Children (Age Group 7 to 14 yrs.)

शुक्रवार दि. 3 से रविवार 5 नवम्बर 2023, स्थल : माहेश्वरी भवन, अंधेरी

रजिस्ट्रेशन के लिये कृपया सम्पर्क करें।

अनु सोमानी - 93215 11230 गौरी डागा - 93237 13534

कार्यक्रम संयोजक: संदीप पेरीवाल - 98199 88384, नन्दन बिनानी - 93222 21277

निवेदक	अध्यक्ष/अध्यक्षा		संयोजक/संयोजिका	
अंधेरी क्षेत्रीय समिति	संदीप दम्मानी	- 98200 08875	ओमप्रकाश गांधी	- 98200 41494
अंधेरी महिला समिति	कान्ता मालपानी	- 93227 33821	सविता माहेश्वरी	- 98195 44050
अंधेरी युवा समिति	गौरी डागा	- 93237 13534	व्योम बिन्नानी	- 90224 71505

माहेश्वरी प्रगति मण्डल, मुम्बई

64 वाँ कार्यकालिक वृत्तान्त

सम्माननीय बन्धुओं एवम् बहनों,

माहेश्वरी प्रगति मण्डल, मुम्बई की 65 वीं वार्षिक साधारण सभा के पटल पर, मण्डल का 64 वाँ कार्यकालिक वृत्तान्त (**दिनांक 31.07.2022 से 31.7.2023 तक**), 31 मार्च 2023 को समाप्त वित्तीय वर्ष का लेखा-परीक्षक द्वारा Audited accounts एवम् 31 मार्च 2024 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष का व्यवस्थापिका सभा द्वारा पारित आय-व्यय एवम् पूंजीगत बजट, आपके समक्ष प्रस्तुत करते हुए मुझे प्रसन्नता हो रही है ।

मण्डल की प्रमुख गतिविधियों का संक्षिप्त विवरण

न्यास मण्डल

मण्डल की समस्त चल अचल सम्पत्ति के संरक्षण एवम् संवर्धन का दायित्व न्यास मण्डल पर है। माहेश्वरी भवन गिरगांव, विशेष रूप से बाहरगांव से मुम्बई में चिकित्सा हेतु आने वालों के लिए, माहेश्वरी भवन अंधेरी, विशेष रूप से विवाह, मांगलिक प्रसंगों एवम् आध्यात्मिक, सामाजिक, प्रेरणादायी कार्यक्रमों एवम् प्रवचनों हेतु तथा बोरीवली प्लॉट मांगलिक एवम् अन्य प्रसंगों हेतु उपयोग में लिये जा रहे हैं। घाटकोपर भवन एवम् गोरेगांव फ्लेट भी समितियों द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों तथा मांगलिक एवम् अन्य प्रसंगों हेतु बहुत ही उपयोगी एवम् सुविधाजनक है एवम् उपयोग में लिये जा रहे हैं। उपरोक्त सभी भवन/प्लॉट स्वास्थ्य चिकित्सा (होम्योपैथिक/ फीजियोथेरेपी) हेतु भी उपयोग में लिये जा रहे हैं। उपरोक्त सम्पत्ति की व्यवस्था एवम् रख -रखाव के कार्य न्यास मण्डल द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार सम्बन्धित व्यवस्था समितियों की देखरेख में सम्पन्न हो रहे हैं।

इस वर्ष अंधेरी भवन का एवम् गिरगांव भवन का प्रथम मंजिल सभागार तथा गिरगांव भवन स्थित द्वितीय मंजिल का अध्यक्ष कक्ष एवम् प्रसाधन कक्ष का नवीनीकरण किया गया है।

निम्नलिखित सुविधाओं से समाजबन्धु लाभान्वित हो रहे हैं।

1) गिरगांव भवन के कमरों के आरक्षण हेतु online सुविधा उपलब्ध है।
2) अंधेरी भवन में ठहरने की सुविधा हेतु 5 कमरे तत्काल आरक्षण के अन्तर्गत सभी के लिए उपलब्ध हैं ।
3) चिकित्सा हेतु सदस्यों के लिये रियायती दरों पर दोनों भवनों में कमरे उपलब्ध है।

व्यवस्थापिका सभा

मण्डल के समस्त वैधानिक एवम् प्रशासकीय अधिकार व्यवस्थापिका सभा में निहित है। मुम्बई निवासियों के सर्वांगीण विकास एवम् सामाजिक व चेरीटेबल उद्देश्यों की पूर्ति हेतु स्थापित मण्डल की समस्त गतिविधियों को सुनियोजित एवम् सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न कराने, नीति निर्धारित करने तथा मण्डल की समस्त वैधानिक तथा कार्यकारी सम्बन्धित उत्तरदायित्व व्यवस्थापिका सभा का है। व्यवस्थापिका सभा के अन्तर्गत गठित एवम् कार्यरत सभी केन्द्रीय एवम् क्षेत्रीय समितियों एवम् अन्य इकाईयों के कार्यों का सम्पादन सुचारू रूप से होने हेतु समितियों को दिशा-निर्देश एवम् मार्गदर्शन करने का दायित्व भी व्यवस्थापिका सभा का है। वर्तमान में, व्यवस्थापिका सभा के 42 सदस्य हैं तथा प्रतिमाह साधारणतया दो बैठकें आयोजित की जाती है । दिनांक 31.07.2022 से 31.07.2023 तक के कार्यकाल में सभा की 18 बैठकें सम्पन्न हुई है । व्यवस्थापिका सभा के अन्तर्गत 8 केन्द्रीय एवम् 24 क्षेत्रीय समितियाँ कार्यरत है जिनमें 9 महिला एवम् 9 युवा समितियों का समावेश है । 650 से अधिक सक्रिय एवम् कर्मठ कार्यकर्ता है जिसमें लगभग 175 महिलाएं एवम् 125 युवा हैं । व्यवस्थापिका सभा द्वारा सभी केन्द्रीय एवम् क्षेत्रीय समितियों हेतु पालक मार्गदर्शक नियुक्त किये गये हैं जो मण्डल के पदाधिकारी अथवा वरिष्ठ कार्यकर्ताओं में से होते हैं ।

पदाधिकारियों की बैठकें

मण्डल के कार्यों से सम्बन्धित विचार-विमर्श करने एवम् चेरीटेबल व समाजोपयोगी विषयों पर चिन्तन -मनन हेतु पदाधिकारियों की साधारणतया प्रति माह एक बैठक हुई है, जिसमें मण्डल के सभी पूर्व अध्यक्षों को स्थायी रूप से आमंत्रित किया जाता हैं। नीतियों एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर गहराई से चिन्तन हेतु आवश्यकता-नुसार पूर्ण एवं अर्ध दिवसीय चिन्तन बैठकें भी आयोजित की जाती है। इस वर्ष दि. १० सितम्बर २०२२ को अर्ध दिवसीय एवम् दि. २४ दिसम्बर २०२२ को पूर्ण दिवसिय चिन्तन बैठक गिरगांव भवन में आयोजित की गई।

व्यवस्थापिका सभा द्वारा सम्पन्न कार्यों की जानकारी एवम् प्रमुख निर्णय -

01. श्री श्रीराम तापड़िया स्मृति सेवा कोष सप्तम् पुष्प

श्री श्रीराम तापड़िया स्मृति सेवा कोष के अन्तर्गत सामाजिक चेतना विचार गोष्ठी सप्तम् पुष्प का आयोजन रविवार दि. 31 जुलाई 2022 को माहेश्वरी भवन अंधेरी में सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ। स्व. श्री श्रीरामजी तापड़िया को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करने के पश्चात् श्रीमती सीमाजी लोयलका ने बहुत ही मधुर भजन प्रस्तुत किये। अध्यक्ष महोदय ने सभी का स्वागत किया। विख्यात अभिनेता एवम् प्रखर प्रवक्ता पद्मश्री मनोजजी जोशी का परिचय मण्डल के पूर्व अध्यक्ष एवम् कार्यक्रम संचालक श्री रमेशजी मरदा द्वारा किया गया। तत्पश्चात् श्री मनोजजी जोशी ने ''जीवन के सपने करे साकार, चाणक्य नीति बने आधार'' विषय पर अपना उद्बोधन बहुत ही सरलता से ऐतिहासिक तथ्यों को प्रस्तुत करते हुए किया। आपने चाणक्य निती के अनेक सूत्रों में से मुख्य सूत्रों का स्पष्टीकरण विस्तृत रूप से करते हुए सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। लगभग 450 समाजबन्धुओं की उपस्थिति रही तथा इस आयोजन का YouTube पर लगभग 1300 व्यक्तियों ने लाभ लिया।

02. श्री श्रीराम तापड़िया स्मृति सेवा कोष अष्टम् पुष्प

श्री श्रीराम तापड़िया स्मृति सेवा कोष के अन्तर्गत सामाजिक चेतना विचार गोष्ठी अष्टम् पुष्प का आयोजन रविवार दि. 16 जुलाई 2023 को माहेश्वरी भवन अंधेरी में सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ। स्व. श्री श्रीरामजी तापड़िया को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करने के पश्चात् श्रीमती सीमाजी लोयलका ने बहुत ही मधुर भजन प्रस्तुत किये। अध्यक्ष महोदय ने सभी का स्वागत किया। आर्य समाज के आचार्य डॉ. वागीशजी शर्मा ने ''जीवन का विस्तार, जीवन के अनुपम रंग, परिवार, समाज व राष्ट्र के संग'' विषय पर बहुत ही उपयुक्त मार्गदर्शन किया। उपस्थिति लगभग 350 समाजबन्धुओं की रही। YouTube Channel पर इस आयोजन का Live प्रसारण किया गया।

03. मेधावी छात्रों का अभिनन्दन

दि. 21 अगस्त 2022 को सम्पन्न वर्ष 2019-20 एवम् 2020-21 के मेधावी छात्रों का अभिनन्दन समारोह अंधेरी भवन में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर R.R. Global के Director श्री सुमितजी काबरा मुख्य अतिथि के रूप में पधारे थे एवम् (IAS) श्री दिपकजी करवा Motivational Speaker के रूप में पधारे थे। कुल 172 मेधावी विद्यार्थियों का चयन किया गया था। जिसमें से 110 उपस्थित विद्यार्थियों का मुख्य अतिथि के करकमलों से प्रशस्ति पत्र, नगद पुरस्कार एवम् रजत/ स्वर्ण पदक प्रदान कर अभिनन्दन किया गया । श्री सुमितजी काबरा एवम् श्री दीपकजी करवा का उद्बोधन बहुत ही उपयुक्त व सराहनीय रहा।

04. वार्षिकोत्सव एवम् पारितोषिक वितरण समारोह

वार्षिकोत्सव एवम् पारितोषिक वितरण कार्यक्रम शनिवार, दि. 8 जनवरी 2023 को षण्मुखानन्द सभागार मे हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि महाराष्ट्र शासन, मुख्यमंत्री कार्यालय के अपर मुख्य सचिव श्री भूषणजी गगरानी (IAS) के कर कमलों द्वारा 92 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक व 42 विद्यार्थियों को रजत पदक तथा सभी प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र व प्रायोजित नगद पारितोषिक प्रदान कर सम्मानित किया गया । तत्पश्चात् श्री भूपेशजी पटेल एवम् भार्गवजी पटेल द्वारा निर्मित राधाकृष्ण एक अलौकिक लीला अनेक, नृत्य, गीत एवम् भक्ति की अनुठा संगम का प्रस्तुतिकरण हुआ। कार्यक्रम में लगभग 2000 समाजबन्धुओं की उपस्थिति रही ।

05. वरिष्ठ नागरिक स्नेहमिलन

दि. 30 अप्रैल 2023 को माहेश्वरी भवन अंधेरी में सीनियर सिटिजन्स के गेट-टूगेदर का आयोजन सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ। लगभग 400 समाजबन्धुओं की उपस्थिति रही।

06. महेश नवमी उत्सव

महेश नवमी उत्सव रविवार, दि. 28 मई 2023 को माहेश्वरी भवन, अंधेरी में हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त समाजबन्धुओं का प्रशस्ति पत्र एवम् स्मृति चिन्ह प्रदान कर अभिनन्दन किया गया। इस वर्ष अन्न जूठा न छोडने तथा भोजन में मोटा अनाज के समावेश का संकल्प दिलवाया।

''मैं संकल्प लेता / लेती हूँ कि मैं भोजन को जूठा नहीं छोडूंगा / छोडूंगी एवम् यथा सम्भव मोटा अनाज का अपने भोजन में समावेश करूंगा / करूंगी तथा परिवार, सगे सम्बन्धी एवम् मित्र परिवार के सदस्यों को इसके लिये प्रेरित करूंगा / करूंगीं।''

तत्पश्चात् बोरीवली, मालाड एवम् गोरेगांव क्षेत्र के कलाकारों द्वारा शिवलीला एवम् नंदी विवाह की मनमोहक नृत्य नाटिका प्रस्तुति हुई। लगभग 650 समाजबन्धुओं ने इस आयोजन का लाभ लिया।

07. क्षेत्रीय कार्यकर्ता सम्मेलन

दि. 14 मई 2023 को मुलुण्ड क्षेत्र का कार्यकर्ता सम्मेलन नन्दकिशोरजी राठी के कार्यालय, मुलुण्ड में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन में लगभग 31 कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

08. सर्वजन हिताय कार्यक्रम

मण्डल एवम् अन्य समितियों द्वारा सम्पादित विभिन्न सर्वजन हिताय कार्यक्रमों की जानकारी निम्नानुसार है :-

(8.1) गिरगांव भवन, घाटकोपर भवन एवं अन्धेरी भवन में होम्योपैथिक दवाखाना तथा अंधेरी भवन एवम् बोरीवली प्लॉट पर Physiotherapy Centre सुचारू रूप से चल रहे हैं।

(8.2) गोरेगांव एवम् बोरीवली में शीतल प्याऊ (Water Fountain) का संचालन नियमित व सुचारू रूप से हो रहा है।

(8.3) मण्डल द्वारा निर्मित गोरेगांव स्थित Ozone Therapy Centre का समाजबन्धुओं को रियायती दरों पर लाभ मिल रहा है।

(8.4) प्रतिष्ठित लीलावती अस्पताल-बान्द्रा, गोदरेज मेमोरियल अस्पताल-विक्रोली, बॉम्बे अस्पताल, मुम्बई एवम् अम्बानी अस्पताल, अंधेरी के स्वास्थ्य परिक्षण पेकेजेस एवम् Pulse Hitech Health Services Pvt. Ltd. के Radiology (MRI) Test & Pathology Tests रियायती दरों पर उपलब्ध करवाये गये है जिनका लाभ समाजबन्धु ले रहे है।

09. राधाकृष्ण लाहोटी स्मृति सेवा कोष

मण्डल के पूर्व उपाध्यक्ष एवम् अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के पूर्व महामंत्री श्री राधाकृष्णजी लाहोटी का वर्ष 1977 में निधन हुआ। उनकी स्मृति में राधाकृष्ण लाहोटी सेवा कोष की स्थापना की गई। इस कोष का मूल उद्देश्य विधवा / असहाय समाजबन्धु बहनों के जीवनयापन हेतु आर्थिक सहायता प्रदान करना है। मण्डल की विवाह सहयोग समिति द्वारा इस कोष का संचालन किया जाता है जिसमें समाजबन्धुओं से उनके मांगलिक प्रसंग पर अनुदान लिया जाता है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में रू. 5,70,351/- की धनराशि समाजबन्धुओं से एकत्रित की गई है एवम् रू. 12,73,500/- की धनराशि 115 विधवा / असहाय जरूरमन्दों में वितरित की गई। अतिरिक्त आर्थिक सहायता की पूर्ति मण्डल द्वारा की गई।

संगठन एवम् जनसेवा समिति

1. मुम्बई में निवास करने वाले प्रत्येक माहेश्वरी परिवार के कम से कम एक सदस्य को मण्डल का आजीवन सदस्य बनाने का प्रयास निरन्तर चल रहा है। कुल 29 दिवंगत (संरक्षक 1 + आजीवन सदस्य 28) सदस्यों की सदस्यता निरस्त की गई। दि. 31.07.2022 से दि. 31.07.2023 तक 138 आजीवन एवम् 3 सरसवाणी ग्राहक सदस्य बने है। तद्नुसार दि. 31.07.2023 को मण्डल की सदस्य संख्या निम्नानुसार है।

	संरक्षक	मानद्	आजीवन	कुल संख्या	स. आ. ग्राहक
30.07.2022	24	01	8201	8226	170
Delete	1	-	28	29	-
	23	01	8173	8197	170
Add	--	--	138	138	3
31.07.2023	23	01	8311	8335	173

2. दि. 2 अप्रैल 2023 को संगठन एवम् जनसेवा समिति तथा बोरीवली क्षेत्रीय युवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में Cardiac Pulmonary Resuscitation (CPR) हेतु प्रशिक्षण कार्यशाला सुचारू रूप से सम्पन्न हुई। जिसमें लगभग ७५ समाजबन्धुओं की उपस्थिति रही।
3. दि. 16 अप्रैल 2023 को संगठन एवम् जनसेवा समिति तथा मध्य मुम्बई क्षेत्रीय समितियों के संयुक्त तत्वावधान में CPR कार्यशाला सम्पन्न हुई। जिसमें लगभग 85 समाजबन्धुओं की उपस्थिति रही।
4. दि. 18 जून 2023 को संगठन एवम् जनसेवा समिति द्वारा देवबांध, ता. मोखाडा, जि. पालघर एवम् तळोशी, इगतपुरी स्थित आदिवासी बच्चों की 21 स्कूलों में लगभग 2000 विद्यार्थियों को 7500 कापियां निःशुल्क वितरीत की गई।

शिक्षा सहयोग समिति

1 शिक्षा सहायता कोष में जमा एवम् वितरण राशि का विवरण निम्नानुसार है।.

क्र.	शिक्षा सहायता कोष में कुल जमा राशि	2022-2023 राशि रू.	2021-2022 राशि रू.
1	समाजबन्धुओं से प्राप्त अनुदान	36,22,073	35,76,284
2	कोष की जमा राशि पर प्राप्त ब्याज	49,420	6,52,197
3	ऋण छात्रवृत्ति वापसी	26,600	1,55,001
4	विदेश शिक्षा अनुदान वापसी	75,000	3,75,000
	कुल	37,73,093	47,58,482

क्र.	शिक्षा सहायता कोष में कुल वितरण राशि	2022-2023 राशि रू.	2021-2022 राशि रू.
1	**96** शिक्षार्थियों को ऋण छात्रवृत्ति	18,80,000	16,39,500
2	**3** शिक्षार्थियों को विदेश शिक्षा हेतु सहायता	6,00,000	--
	कुल	24,80,000	16,39,500

2. दि. 21 अगस्त 2022 को वर्ष 2019-20 व वर्ष 2020-21 के मेधावी विद्यार्थियों का अभिनन्दन समारोह माहेश्वरी भवन, अन्धेरी में सम्पन्न हुआ।
3. सुलभ मूल्य कॉपी वितरण योजना के अन्तर्गत प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जून व जुलाई 2023 में अच्छे कागज से बनी कापियां सुलभ मूल्य पर वितरित की गई। 25 वितरण केन्द्रों द्वारा 5135 दर्जन कॉपियां जिसमें लोंग बुक 2092 दर्जन, जम्बों बुक 2323 दर्जन एवम् नोट बुक 720 दर्जन, का समावेश है।
4. दि. 8 जनवरी 2023 को षण्मुखानन्द सभागार में आयोजित वार्षिकोत्सव एवम् पारितोषिक वितरण कार्यक्रम के अवसर पर पधारे हुए महाराष्ट्र शासन, मुख्यमंत्री कार्यालय के अपर मुख्य सचिव श्री भूषणजी गगरानी (IAS) मुख्य अतिथि के

कर कमलों द्वारा 92 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक व 42 विद्यार्थियों को रजत पदक तथा सभी प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र व प्रायोजित नगद पारितोषिक प्रदान कर सम्मानित किया गया।

प्रशिक्षण एवम् पर्यावरण संतुलन समिति

1. दि. 28 अगस्त 2022 को प्रशिक्षण एवं पर्यावरण सन्तुलन समिति तथा दक्षिण मुम्बई युवा समिति के संयुक्त तत्त्वावधान में Monterio Village में Back to your roots थीम पर आधारित एक दिवसीय पिकनिक हर्षोल्लास से सम्पन्न हुई। 48 समाजबन्धुओं ने इस आयोजन का लाभ लिया।
2. दि. 12 फरवरी 2023 को माहेश्वरी भवन अंधेरी में लगभग 75 पौधे लगवाये गये।

विवाह सहयोग समिति

1. दि. 28 अगस्त 2022 को Digital Biodata Collection Seminar श्रीमती ज्योती नन्दकिशोरजी राठी के कार्यालय मुलुण्ड (प.) में सम्पन्न हुआ। लगभग 46 बायोडाटा का संकलन/रजिस्ट्रेशन किया गया।
2. दि. 24 दिसम्बर 2022 को गिरगांव भवन में एवं दि. 22 जनवरी 2023 को गोरेगांव भवन में Digital Biodata Collection Seminar सुचारु रूप से सम्पन्न हुआ, जिसमे 60 नये बायोडाटा प्राप्त हुए।
3. दि. 9 अप्रैल 2023 को केन्द्रीय युवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में ''ये दिल मांगे मोर (More)'' युवा वर्ग से सम्बन्धित सामाजिक विषयों पर Open House Talk Show का आयोजन सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ। सुप्रसिद्ध सामाजिक व मोटिवेशनल प्रवक्ता एवम् मण्डल के पूर्व अध्यक्ष श्री रमेशजी मरदा ने बहुत ही हर्षोल्लास के वातावरण में विवाह की उम्र, जीवन साथी चयन का मापदण्ड व पद्धति, विवाह के रीति रिवाज व कार्यक्रम, वैवाहिक जीवन व रोजगार में सामन्जस्य, परिवार के साथ तालमेल आदि, महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित युवा वर्ग एवम् अभिभावकों से खुली चर्चा की तथा वर्तमान परिवेश में उभरती हुई समस्या व चुनौतियों का सामना करने के बारे में महत्वपूर्ण टिप्स दिये। लगभग 350 समाजबन्धुओं की उपस्थिति रही जिनमें 150 युवाओं का समावेश रहा।

संस्कार एवम् सत्संग समिति

1. दि. 15 सितम्बर 2022 को सात दिवसीय यात्रा कोस्टल कर्नाटक (मुम्बई-मेंगलौर-उडिपि-मुरूडेश्वर-गोकर्ण-गोवा-मुम्बई) में हर्षोल्लास से सम्पन्न हुई। कुल 111 समाजबन्धु यात्रा में सम्मिलित हुए।
2. दि. 16 अक्टूबर 2022 को समिति द्वारा भजन सम्राट सीजन -2, खोज एक नई आवाज की भजन प्रतियोगिता अंधेरी भवन में लगभग 425 समाजबन्धुओं की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। विविध Rounds के पश्चात् 15 से 40 वर्ष आयुवर्ग के 10 एवं 41 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 10 प्रतियोगियों का चयन किया गया। अन्तिम प्रतियोगिता बहुत ही रोमांचक रही। विजेताओं को स्मृति चिन्ह प्रदान कर पुरस्कृत किया गया।

केन्द्रीय महिला समिति

1. दि. 6 से 8 अगस्त 2022 तक सभी क्षेत्रीय महिला समितियों के सहयोग से सातुड़ी तीज के पावन पर्व पर आयोजित सातुचूर्ण वितरण कार्यक्रम गिरगांव भवन एवम् क्षेत्रों में हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ।
2. दि. 25 अगस्त 2022 को सभी क्षेत्रीय महिला समितियों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित नन्दोत्सव का आयोजन अंधेरी भवन में हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सभी क्षेत्रीय महिला समितियों ने 'कृष्ण एक, स्वरुप अनेक' पर आधारित कृष्ण की लीलाओं की नृत्यनाटिका द्वारा मनमोहक प्रस्तुति की। उपस्थिति लगभग 250 बहनों की रही।
3. दि. 16 दिसम्बर 2022 को समाज की वरिष्ठ बहनों के लिए संगीत संध्या का आयोजन माहेश्वरी भवन, अन्धेरी में सम्पन्न हुआ जिसमें 350 बहनों की उपस्थिति रही।

4. दि. 10 से 14 जनवरी 2023 तक आयोजित रण ऑफ कच्छ यात्रा हर्षोल्लास से सम्पन्न हुई। 80 बहने इस यात्रा में सम्मिलित हुई।
5. दि. 11 मार्च 2023 को सभी क्षेत्रीय महिला समितियों के संयुक्त तत्वावधान में बिरला मातुश्री सभागार में आयोजित गणगौर महोत्सव का कार्यक्रम लगभग 1100 समाजबन्धुओं की उपस्थिति में हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। केन्द्रीय महिला समिति की पूर्व अध्यक्षा श्रीमती बीनादेवी इन्द्रकुमारजी पुगलिया मुख्य अतिथि के रूप में पधारी थी। समाज के लगभग 200 कलाकारों ने नवरंगी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति करते हुए माँ गवरजा व भगवान शिवजी के दर्शन करवाएं।
6. जून 2023 में `25 से 45 वर्ष आयु वर्ग के लिए अधिक मास का आधुनिक प्रारूप कैसा हो ?' तथा '45 वर्ष व उससे अधिक आयु वर्ग के लिए 'सच्चा दान किसे कहते हैं ?' निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता में 35 बहनें सम्मिलित हुई। विजेताओं का हार्दिक अभिनन्दन किया गया।
7. अधिकमास में समाज की बहनों से अनुदान एकत्रित करके टाटा अस्पताल में मेडिकल एवम् अन्य equipments दिये तथा विभिन्न क्षेत्रों के जरूरतमंदों में जीवनोपयोगी सामग्री वितरित की गई।
8. दि. 31 जुलाई 2023 को तिरुपति बालाजी मन्दिर, फणसवाडी में प्रातः 7-30 बजे गोष्टी का आयोजन भक्तिभाव से सम्पन्न हुआ जिसका लाभ लगभग 125 बहनों ने लिया।

केन्द्रीय युवा समिति

1. दि. 26 एवम् 27 नवम्बर 2022 को सभी क्षेत्रीय युवा समितियों के संयुक्त तत्वावधान में को ठाकुर क्रिकेट स्टेडियम, कांदिवली (पू.) में खेल महोत्सव हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। इस आयोजन में 15 से 19 तथा 19 से 40 वर्ष के युवक-युवतियों की Running Race, पुरूषों के लिये Volley ball, युवाओं के लिए Leather Ball Cricket तथा युवतियों के लिए Tennis Ball Cricket Tournament सम्पन्न हुए। क्रिकेट टुर्नामेन्ट में 8 क्षेत्रों की 6 टीम एवम् महिलाओं की 3 टीम ने भाग लिया। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।
2. दि. 12 फरवरी 2023 को सभी क्षेत्रीय युवा समितियों के संयुक्त तत्वावधान में Maheshwari Mumbai Marathon 2023 का आयोजन हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ जिसमें सभी आयु वर्ग के 750 समाजबन्धुओं ने भाग लिया। आयोजन के मुख्य अतिथि ACP श्री सूर्यकान्तजी बांगर के करकमलों द्वारा विजेताओं को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इन्फोर्मेशन एन्ड टेक्नोलोजी समिति

1. गिरगांव भवन के कमरों की online booking सुविधा का सुचारू रूप से संचालन किया जा रहा है, जिसका उपयोग समाजबन्धु ले रहे है।
2. दि. 19 फरवरी 2023 को समिति द्वारा The Future of Technology, Open AI Chat GPT का कार्यक्रम Zoom पर सम्पन्न हुआ। श्री श्रेयानजी डागा ने इस नई टेक्नोलोजी के बारे में बहुत ही उपयुक्त जानकारी प्रदान की। लगभग 100 समाजबन्धुओं ने इसका लाभ लिया।
3. Members data regularly update किया जा रहा है।
4. Whats app व E-mail द्वारा सदस्यों को E सरसवाणी भेजी जा रही है।
5. शिक्षा सहयोग समिति द्वारा दी गई ऋण छात्रवृत्ति का data नियमित रूप से update किया जाता है।

घाटकोपर क्षेत्रीय, क्षेत्रीय महिला एवम् क्षेत्रीय युवा समितियों के संयुक्त कार्यक्रम

1. दि. 19 अगस्त 2022 को जन्माष्टमी महोत्सव हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। लगभग 75 समाजबन्धुओं की उपस्थिति रही।
2. दि. 5 अक्टूबर 2022 को विजया दशमी के पावन पर्व पर घाटकोपर भवन में सुन्दरकाण्ड पाठ बहुत ही भक्ति भाव से हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर डोंबिवली से पधारे श्री सुन्दरकाण्ड मित्र मण्डल समिति के सदस्यों द्वारा संगीतमय सुन्दरकाण्ड का पठन हुआ जिसमे श्री सत्यनारायणजी सारड़ा एवं उनके साथियों का सहयोग सराहनीय

रहा। लगभग 75 समाजबन्धुओं ने इस आयोजन का लाभ लिया।

3. दि. 13 नवम्बर 2022 को वार्षिकोत्सव एवम् दीपावली सम्मेलन का आयोजन श्रीमती भूरीबेन गोलावाला सभागार, घाटकोपर (प.) में हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री वेंकटेशजी माहेश्वरी (माऊन्ट एवरेस्ट के प्रथम माहेश्वरी विजेता) के करकमलों से मेधावी विद्यार्थियों का प्रशस्ति पत्र एवम् रजत पदक प्रदान कर अभिनन्दन किया गया। समाज के लगभग 50 कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुति रामाक्षरी एवम् नृत्य नाटिका रामायण का सभी ने आनन्द लिया। लगभग 325 समाजबन्धुओं की उपस्थिति रही।
4. दि. 18 फरवरी 2023 को महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर घाटकोपर भवन में रूद्राभिषेक का आयोजन सम्पन्न हुआ जिसमें 40 समाजबन्धुओं की उपस्थिति रही।
5. दि. 7 मार्च 2023 को होली स्नेह मिलन का आयोजन हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। समाजबन्धुओं द्वारा कराओंके पर गीत संगीत का कार्यक्रम हुआ। लगभग 110 समाजबन्धुओं की उपस्थिति रही।
6. दि. 2 अप्रैल 2023 को Medical Emergency विषय पर आयोजित सेमिनार सम्पन्न हुआ। कोकिलाबेन धीरूभाई अम्बानी अस्पताल के डॉ. समीरजी राठी ने Paralysis, Heart attack, Burns, Fractures आदि Emergency में ध्यान रखने योग्य बातों को बहुत सरलता से समझाया। लगभग 50 समाजबन्धुओं की उपस्थिति रही।

घाटकोपर क्षेत्रीय समिति

1. दि. 07 अगस्त 2022 को घाटकोपर भवन में Life Lessons and Business Lessons from SHOLAY पर आधारित Power Point Presentation का आयोजन सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर Consultant Pediatric Surgen & Motivational Trainer &Counselor डॉ. लकीजी कासट का मार्गदर्शन बहुत ही उपयुक्त व सराहनीय रहा। लगभग 50 समाजबन्धुओं की उपस्थिति रही।
2. दि. 5 से 8 जुलाई 2023 तक आयोजित उज्जैन-महाकाल-ओमकारेश्वर-इन्दौर यात्रा हर्षोल्लास से सम्पन्न हुई। यात्रा में 35 समाजबन्धु सम्मिलित हुए।

घाटकोपर क्षेत्रीय महिला समिति

1. दि.10 अगस्त 2022 को घाटकोपर भवन में 8 बहनों का बछबारस उजवना सम्पन्न हुआ। लगभग 100 बहनों के उद्यापन हुए।
2. दि.12 सितम्बर 2022 को घाटकोपर भवन में 'ध्यान साधना से शरीर के 7 चक्र को जानना' विषय पर परिचर्चा का आयोजन सम्पन्न हुआ। श्रीमती आरती मेंगर ने इस विषय पर बहुत ही उपयुक्त मार्गदर्शन दिया। लगभग 30 बहनों ने इसका लाभ लिया।
3. दि. 20 दिसम्बर 2022 को ISKON गोवर्धन इको विलेज, वाडा (पालघर) एक दिवसीय यात्रा हर्षोल्लास से सम्पन्न हुई। 100 बहनों ने लाभ लिया।
4. दि. 28 जनवरी 2023 को घाटकोपर भवन में हल्दी कुंकुम कार्यक्रम हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। लगभग 40 बहनों की उपस्थिति रही।
5. सर्वजन हिताय कार्यक्रम के अन्तर्गत कर्जत स्थित सह्याद्री आदिवासी विकास प्रतिष्ठान के मतिमंद बच्चों की निवासी पाठशाला को प्रवेश द्वार हेतु आर्थिक सहायता प्रदान की गई।
6. दि. 22 मार्च 2023 को गणगौर सिंझारा का कार्यक्रम घाटकोपर भवन में सम्पन्न हुआ। लगभग 45 बहनों ने मेहंदी व गीत संगीत का आनन्द लिया।

घाटकोपर क्षेत्रीय युवा समिति

1. दि. 15 अगस्त 2022 को आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर घाटकोपर भवन में ध्वजा रोहण एवम् राष्ट्र गान का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। लगभग 45 समाजबन्धुओं की उपस्थिति रही।
2. दि. 8 अक्टूबर 2022 को नवरात्रि के पावन पर्व पर डांडिया गरबा रास का कार्यक्रम हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं का उपहार देकर अभिनन्दन किया गया। लगभग 80 समाजबन्धुओं

ने इस आयोजन का लाभ लिया।

3 दि. 23 अप्रैल 2023 को आयोजित Turf Cricket Tounament JFSC Turf Court विद्या विहार में हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। कुल 6 Team में मेचेस हुए जिसमें Navander Legends की Team विजयी रही, विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

गोरेगांव क्षेत्रीय, क्षेत्रीय महिला एवम् क्षेत्रीय युवा समितियों के संयुक्त कार्यक्रम

1. दि. 30 अक्टूबर 2022 को आयोजित दीपावली स्नेह मिलन, अन्नकूट प्रसाद का आयोजन हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर कक्षा पहली से 10वीं तक के 78 मेधावी विद्यार्थियों का अभिनन्दन किया गया। समाज के 32 कलाकारों ने Sound, light एवम् Special Video Clip द्वारा रामायण पर आधारित मनमोहक नृत्य नाटिका प्रस्तुत की जिसको सभी ने सराहा। उपस्थिति लगभग 550 समाजबन्धुओं की रही।

गोरेगांव क्षेत्रीय समिति

1. दि. 7 अगस्त 2022 को Chandak Stella Banquet Hall में Entrepreneurship A Closer Look विषय पर आयोजित सेमिनार सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ। श्री विजयजी मंत्री, श्री पंकजजी चाण्डक एवम् श्री अमितजी दमाणी का मार्गदर्शन सराहनीय रहा। उपस्थिति लगभग 140 समाजबन्धुओं की रही।
2. दि. 16 से 19 सितम्बर 2022 को (गणपति मंदिर, अरे-वारे बीच, प्राचीन म्युजियम, जयगढ़ किला एवम् जय विनायक मंदिर दर्शन) गणपतीपुळे यात्रा सुचारू रूप से सम्पन्न हुई। यात्रियों ने डी.जे पार्टी, पूल पार्टी एवं मनोरंजक गेम्स का भी आनन्द लिया। 98 समाजबन्धु यात्रा में सम्मिलित हुए।
3. दि. 12 मार्च 2023 को माहेश्वरी भवन, अंधेरी में होली के उपलक्ष्य में आयोजित म्युजिकल मैलोडी, होली के रंग - रिश्तों के संग का कार्यक्रम हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। लगभग 400 समाजबन्धुओं ने इसका लाभ लिया।
4. दि. 30 अप्रैल से 3 मई 2023 तक 9 से 16 वर्ष के बच्चों के लिये केशव सृष्टि भायन्दर में Summer Splash का आयोजन सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ। जिसमें Art & Craft, Music, Drama, Sports कार्यक्रम आयोजित किये गये। 53 बच्चों ने शिविर में भाग लिया।
5. दि. 31 मई से 7 जून 2023 तक आयोजित वियतनाम विदेश यात्रा का आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस यात्रा में 101 समाजबन्धु जिसमें 7 वर्ष के बच्चे से 80 वर्ष तक के समाजबन्धु सम्मिलित थे।

गोरेगांव क्षेत्रीय महिला समिति

1. दि. 21 से 23 सितम्बर 2022 तक बांगड़ सेवा सदन, बांगड़ नगर, में तीन दिवसीय रास गरबा प्रशिक्षण कार्यशाला सुचारू रूप से सम्पन्न हुई। श्रीमती नीतुजी सोमानी का मार्गदर्शन बहुत ही उपयुक्त एवम् सराहनीय रहा। लगभग 120 बहनों ने आयोजन का लाभ लिया।
2. दि. 14 नवम्बर 2022 को बाल दिवस के उपलक्ष्य में गोरेगांव (पू.) स्थित सशीमंगलायम स्पेशल स्कूल के 65 बच्चों तथा शिक्षक व कर्मचारियों को भोजन करवाया एवम् फल वितरित किये गये।
3. दि. 21 दिसम्बर 2022 को जीवन आशा, अंधेरी आश्रम में 40 वृद्ध बहनों एवं वहां के कर्मचारियों को भोजन करवाया तथा उपयोगी वस्तुओं का वितरण किया गया।
4. दि. 6 फरवरी 2023 को जोगेश्वरी दिव्यचक्षु आश्रम में लगभग 30 बच्चों को नित्य उपयोगी वस्तुओं का वितरण किया गया।
5. दि. 24 मार्च 2023 को अंधेरी भवन में आयोजित गणगौर उद्यापन का कार्यक्रम सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ। 16 बहनों का उद्यापन किया गया जिसमें लगभग 342 बहनों की उपस्थिति रही।

गोरेगांव क्षेत्रीय युवा समिति

1. दि. 28 से 29 जनवरी 2023 तक बांगड नगर ग्राउन्ड पर आयोजित Gold Cup 2023 Overarm Box Cricket Tournament हर्षोल्लास व रोचकता से सम्पन्न हुआ जिसमें विभिन्न टीमों में कुल 144 युवाओं ने भाग लिया। Under

Arm Box Cricket Tournament में 45 युवतियां एवम् 24 बच्चों ने भाग लिया। युवाओं में Bikaner Boyz, युवतियों में M N Strikers, बच्चों में Red Devils की टीम विजयी रही। तीन दिवसीय Cricket Tournament में लगभग 1000 समाजबन्धुओं की तथा मण्डल पदाधिकारियों की गरिमामय उपस्थिति रही।

2. दि. 4 जून 2023 को Treasure Hunt 2023 का आयोजन सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ। लगभग 100 युवाओं ने इस आयोजन में भाग लिया।

बोरीवली क्षेत्रीय, क्षेत्रीय महिला एवम् क्षेत्रीय युवा समितियों के संयुक्त कार्यक्रम

1. दि.30 अक्टूबर 2022 को बोरीवली प्लॉट पर आयोजित दीपावली स्नेह सम्मेलन, अन्नकूट महाप्रसाद एवम् गरबा रास का आयोजन लगभग 800 समाजबन्धुओं की उपस्थिति में हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ।
2. दि. 22 जनवरी 2023 को बोरीवली प्लॉट पर आयोजित आनन्द मेला 1500 समाजबन्धुओं की विशाल उपस्थिति में हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि श्री गोपालजी मालीवाल (FCA) एवं सम्माननीय अतिथि श्री प्रसूनजी काबरा (IRS) की गरिमामय उपस्थिति में 151 मेधावी विद्यार्थियों का अभिनन्दन किया गया। समाज के 75 कलाकारों द्वारा मुम्बई मेरी पहचान की मनमोहक प्रस्तुति हुई, जिसकी सभी ने सराहना की।
3. दि. 29 मई 2023 को महेश नवमी उत्सव के उपलक्ष्य में महामृत्युंजय जाप एवम् सांस्कृतिक कार्यक्रम हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। लगभग 110 समाजबन्धुओं ने आयोजन का लाभ लिया।

बोरीवली क्षेत्रीय समिति

1. दि. 15 अगस्त 2022 को आजादी के अमृत महोत्सव पर्व पर ध्वजारोहण व देशभक्ति गीतों का कार्यक्रम हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। लगभग 250 समाजबन्धुओं की उपस्थिति रही।

बोरीवली क्षेत्रीय महिला समिति

1. दि. 17 अगस्त 2022 को दानी रिसोर्ट में आयोजित एक दिवसीय पिकनिक सुचारू रूप से सम्पन्न हुई। 32 बहनों ने इस पिकनिक में भाग लिया।
2. दि. 10 सितम्बर 2022 को आयोजित प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति कार्यशाला सुचारू रूप से सम्पन्न हुई। श्रीमती सरोजजी निष्ठा का मार्गदर्शन सराहनीय रहा। लगभग 55 बहनों ने इस आयोजन का लाभ लिया।
3. दि. 26 से 28 दिसम्बर 2022 तक आयोजित योग शिविर का आयोजन सुचारु रुप से सम्पन्न हुआ जिसका 35 बहनों ने लाभ लिया।
4. दि. 20 मार्च 2023 को प्रबोधनकार ठाकरे नाट्य मन्दिर में गणगौर महोत्सव का कार्यक्रम 500 बहनों की विशाल उपस्थिति में हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती ज्योतिजी लड्ढा पधारी थी। समाज की बहनों द्वारा मनमोहक नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति हुई, जिसका सभी ने आनन्द लिया।
5. दि. 24 मार्च 2023 को बोरीवली प्लॉट पर गणगौर उद्यापन का आयोजन सम्पन्न हुआ। 8 बहनों के उद्यापन करवायें गये, कुल 150 बहनों ने इसका लाभ लिया।

बोरीवली क्षेत्रीय युवा समिति

1. दि. 15 अगस्त 2022 को अमृत खेल महोत्सव सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ। लगभग 175 बच्चों व युवाओं ने इस आयोजन का लाभ लिया।
2. दि. 24 सितम्बर 2022 को किशनगोपाल राजपुरिया वृद्धाश्रम में लगभग 90 वरिष्ठ नागरिकों के साथ रहकर उनको साथ मनोरंजन किया तथा विविध उपयोगी वस्तुओं का वितरण किया।
3. दि. 24 से 26 फरवरी 2023 तक आयोजित MPL XIII Box Cricket Tournament बोरीवली प्लॉट पर हर्षोल्लास से सम्पन्न हुई। 20 Male, 6 Female एवं 4 Kids की Teams में बहुत ही रोमांचक मैचेस सम्पन्न हुए जिसमें कुल 330 खिलाडियों का समावेश था। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। लगभग 1000 समाजबन्धुओं ने इस Tournament का आनन्द लिया।

4. दि. 23 जुलाई 2023 को Witty International Auditorium, बोरीवली में UPSC, (Ultimate Planning for Successful Career) का कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। श्री पुनितजी डागा (IRS), श्री संतोषजी अजमेरा (IIS) एवम् श्री मनोजजी बंग (ICLS) मार्गदर्शन बहुत ही सराहनीय व उपयुक्त रहा। 100 विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

अंधेरी क्षेत्रीय, क्षेत्रीय महिला एवम् क्षेत्रीय युवा समितियों के संयुक्त कार्यक्रम

1. दि. 29 अक्टूबर 2022 को दीपावली स्नेह सम्मेलन का आयोजन लगभग 350 समाजबन्धुओं की उपस्थिति में हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री अनिलकुमारजी लाहोटी (General Manager, Central Railway, Mumbai) के कर कमलों से कक्षा पहली से 10 वीं तक के 40 मेधावी विद्यार्थियों का अभिनन्दन प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया गया। श्री लाहोटीजी का उद्बोधन बहुत ही सराहनीय रहा। समाज के 40 कलाकारों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक नृत्य नाटिका 'रामायण फिर एक बार, लेके संग सुर और सार का आनन्द सभी ने लिया।
2. दि. 4 मार्च 2023 को होली स्नेहमिलन का कार्यक्रम लगभग 250 समाजबन्धुओं की उपस्थिति में हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। केन्द्रीय महिला समिति की पूर्व अध्यक्षा श्रीमती मीनाजी मुकुन्दजी दरक मुख्य अतिथि के रूप में पधारी थी। 5 से 12 वर्ष की आयु के 35 बच्चों ने Fashion Show एवं मनोरंजक अन्ताक्षरी (मिताक्षरी) में 60 समाजबन्धुओं ने भाग लिया, जिससे कार्यक्रम बहुत ही मनोरंजक व आकर्षक हुआ।

अंधेरी क्षेत्रीय समिति

1. दि. 15 अगस्त 2022 को नित्यानन्द म्युनिसिपल स्कूल में ध्वजारोहण का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। स्कूल के लगभग 175 बच्चों को शालोपयोगी वस्तुओं का वितरण किया गया।

अंधेरी क्षेत्रीय महिला समिति

1. दि. 11 जनवरी 2023 को समिति द्वारा अंधेरी स्थित दिव्यचक्षु शाला में 60 बच्चों को भोजन करवाया।
2. दि. 23 मार्च 2023 को गणगौर सिंझारा का कार्यक्रम गोपाल कुंज, जे. बी नगर में हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। लगभग 70 बहनों ने इसका लाभ लिया।
3. दि. 16 से 18 जून 2023 तक स्वास्थ्य शिविर, अपना इलाज अपने हाथ, माहेश्वरी भवन अंधेरी में सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ। डॉ. पियुष सक्सेना का मार्गदर्शन बहुत ही उपयुक्त रहा जिसका 55 बहनों ने लाभ लिया।

अंधेरी क्षेत्रीय युवा समिति

1. दि. 7 अक्टूबर 2022 को रास गरबा का आयोजन माहेश्वरी भवन, अंधेरी में हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। कोरा केन्द्र के श्री. निलेश ठक्कर एवं उनके साथियों की बजाई धुनों पर सभी ने रास गरबा का आनन्द लिया। लगभग 225 समाजबन्धुओं की उपस्थिति रही।
2. दि. 18 दिसम्बर 2022 को प्रबालमाची (पनवेल) ट्रेकींग सुचारू रूप से सम्पन्न हुई। 70 युवा साथियों ने इस ट्रेक का आनन्द लिया।
3. दि. 7 मई 2023 को मानसिक स्वास्थ्य पर आयोजित कार्यशाला सम्पन्न हुई। डॉ. आकांक्षा माहेश्वरी का मार्गदर्शन बहुत ही उपयुक्त रहा। लगभग 70 समाजबन्धुओं की उपस्थिति रही।

मुलुण्ड क्षेत्रीय, क्षेत्रीय महिला एवम् क्षेत्रीय युवा समितियों के संयुक्त कार्यक्रम

1. दि. 18 अगस्त 2022 को एल. एल. मुन्दड़ा छात्रावास में जन्माष्टमी उत्सव बड़े धूमधाम से सम्पन्न हुआ। लगभग 90 समाजबन्धुओं की उपस्थिति रही।
2. दि. 11 सितम्बर 2022 को Royal Garden Resort में एक दिवसीय पिकनिक सुचारू रूप से सम्पन्न हुई।
3. दि. 30 अक्टूबर 2022 को कुकरेजा कॉम्पलेक्स, भाण्डुप (प.) में आयोजित दीपावली स्नेह मिलन, अन्नकूट प्रसाद एवम् भजन संध्या का आयोजन हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। लगभग 225 समाजबन्धुओं की उपस्थिति रही।

4. दि. 7 मार्च 2023 को आयोजित होली स्नेह मिलन एवं मेधावी विद्यार्थियों का अभिनन्दन समारोह मुलुण्ड हाईस्कूल में हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर Sr.KG से 9th Std. तक के विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। सुप्रसिद्ध गायक श्री मनोरंजनजी झा ने गाये राजस्थानी लोकगीतों, भजनों व फिल्मी गीतों का उपस्थित लगभग 230 समाजबन्धुओं ने आनन्द लिया।

मुलुण्ड क्षेत्रीय समिति

1. दि. 5 फरवरी 2023 को Health Check-up for Preventive Care एवं Guidelines for Preventive Steps का कार्यक्रम सुचारु रूप से सम्पन्न हुआ। 27 समाजबन्धुओं ने इसका लाभ लिया।
2. दि. 18 जून 2023 को क्लिन्जिंग थेरेपी पर आधारित, अपना इलाज अपने हाथ, विषय पर डॉ. पियुष सक्सेना का व्याख्यान सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ। आपका मार्गदर्शन सराहनीय व उपयुक्त रहा, लगभग 75 समाजबन्धुओं ने लाभ लिया।

मुलुण्ड क्षेत्रीय महिला समिति

1. दि. 9 अगस्त 2022 को आयोजित तीज सिन्झारा का कार्यक्रम हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ, जिसका लगभग 75 बहनों ने आनन्द लिया।
2. दि. 17 दिसम्बर 2022 को मुन्दड़ा हॉस्टेल में, नारी स्वस्थ तो घर स्वस्थ विषय पर आयोजित Interactive Session में डॉ. प्रसन्न मेनन ने बहुत ही सरलता से मार्गदर्शन किया। उपस्थिति 40 बहनों की रही।
3. दि. 20 जनवरी 2023 को मकर सन्क्रान्ति के पर्व पर आयोजित हल्दी कुंकुम का कार्यक्रम सुचारु रूप से सम्पन्न हुआ। जिसमे 50 बहनों की उपस्थिति रही।
4. दि. 18 फरवरी 2023 को महाशिवरात्रि के पर्व पर भजन संध्या का कार्यक्रम श्रीमती मायाजी मुन्दडा के निवास स्थान पर सम्पन्न हुआ। लगभग 25 बहनों की उपस्थिति रही।
5. दि. 19 मार्च 2023 को गणगौर उत्सव का कार्यक्रम गुर्जर काडिया हॉल, मुलुण्ड (प.) में हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। लगभग 135 समाजबन्धुओं ने इसका आनन्द लिया।
6. दि. 20 जुलाई 2023 को विष्णु सहस्त्रनाम पाठ का आयोजन श्रीमती संगीताजी काबरा के निवास स्थान भाण्डुप में सम्पन्न हुआ जिसमें लगभग 30 बहनों की उपस्थिति रही।

मुलुण्ड क्षेत्रीय युवा समिति

1. दि. 9 सितम्बर 2022 को गणेश विसर्जन पर्व पर ड्रिम्स मॉल के पास गणेश भक्तों के लिए शरबत एवम् बिस्कुट वितरण का कार्य सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ।
2. दि. 8 अक्टूबर 2022 को नवरात्रि के पावन पर्व पर डांडिया गरबा रास का कार्यक्रम हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं का उपहार देकर अभिनन्दन किया गया। लगभग 150 समाजबन्धुओं ने इसका लाभ लिया।
3. दि. 19 फरवरी 2023 को नेरल (कर्जत) स्थित सगुणा बाग में आयोजित पिकनिक हर्षोल्लास से सम्पन्न हुई। लगभग 30 बच्चों व युवाओं ने इस आयोजन का आनन्द लिया।
4. दि. 23 जुलाई 2023 को WILL & Retirement Planning विषय पर आयोजित सेमिनार सम्पन्न हुआ। एडवोकेट सुश्री सुजाता अंगाडी व श्री सचिनजी काबरा ने बहुत ही उपयुक्त मार्गदर्शन किया। लगभग 40 समाजबन्धुओं की उपस्थिति रही।

दक्षिण मुम्बई क्षेत्रीय, क्षेत्रीय महिला एवम् क्षेत्रीय युवा समितियों के संयुक्त कार्यक्रम

1. दि. 3 नवम्बर 2022 को गिरगांव भवन में आयोजित दीपावली स्नेह मिलन एवम् अन्नकूट प्रसाद का आयोजन लगभग 350 समाजबन्धुओं की उपस्थिति में हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर श्री कुन्दनजी मिश्रा द्वारा प्रस्तुत सुमधुर भजनों का आनन्द सभी ने लिया।

2. दि. 19 फरवरी 2023 को गिरगांव भवन में महाशिवरात्रि के पर्व पर चार प्रहर का शिव पूजन भक्ति भाव से सम्पन्न हुआ। लगभग 110 समाजबन्धुओं ने इस आयोजन का लाभ लिया जिसमें युवाओं की अच्छी उपस्थिति रही।

दक्षिण मुम्बई क्षेत्रीय समिति

1. दि. 15 अगस्त 2022 को गिरगांव भवन के प्रांगण में आजादी के अमृत महोत्सव के पर्व पर नायर अस्पताल के डीन डॉ. प्रवीणजी राठी के कर कमलों से ध्वजारोहण सम्पन्न हुआ। लगभग 70 समाजबन्धुओं की उपस्थिति रही।
2. दि. 9 सितम्बर 2022 को गणेश विसर्जन के अवसर पर गिरगांव भवन के प्रवेश द्वार पर गणेश भक्तों के लिए कचौड़ी वितरण एवम् शीतल जल सेवा का आयोजन सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ। लगभग 21000 कचौडियां वितरित की गयी।
3. दि. 18 सितम्बर 2022 को गिरगांव भवन में आयोजित रक्तदान शिविर सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ। Sir H N Reliance Foundation Hospital & Research Centre की टीम का सहयोग सराहनीय रहा। कुल 67 व्यक्तियों ने रक्तदान किया जिसमें समाजबन्धुओं के अलावा अन्य समाजबन्धुओं का भी समावेश है।
